महत्वपूर्ण एवं खास

सीमापार हत्या पर नक्सलियों का हो रहा हैं विरोध

सुकमा (आरएनएस)। छग की सीमा से लगे आंध्रप्रदेश के बुरकनकोठा गांव में नक्सलियों द्वारा ग्रामीण की हत्या के बाद नक्सलियों के खिलाफ बड़ी संख्या में ग्रामीण सडक़ पर उतरे। तीन किमी लंबी पैदल मार्च कर ग्रामीणों ने नक्सलियों के खिलाफ हाथों में बैनर-पोस्टर लिये विरोध जताया। वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ सीमा में ग्रामीणों की हत्या के बाद इस तरह के विरोध के स्वर देखने को नही मिलता है। छत्तीसगढ़ में ठीक इसके विपरीत ग्रामीणों की हत्या के बाद विरोध के स्वर की बात तो होती ही नही है, यहां ग्रामीण इतने डरे सहमें हुए होते है कि नक्सली हत्या की जानकारी पुलिस को तक नही देते हुए अंतिम संस्कार तक कर दिया जाता है। उल्लेखनिय है कि आंध्र प्रदेश के चिंतुर में शनिवार को मृतक के परिजनों के साथ आस-पास गांव के सैडक़ों ग्रामीणों ने नक्सलियों के खिलाफ रैली निकाली। चिंतुर थाने से रैली की शुरूआत हुई जो चट्टी में जाकर खत्म हुआ। ग्रामीणों ने रैली निकाल नक्सलियों के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की। पैदल मार्च के दौरन विरोधी नारे भी लगाये। दरअसल नक्सलियों ने 04 जनवरी को बुरकनकोठा गांव में रहने वाले सोयम सुब्बैया की पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद नक्सलियों के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा भडक़ गया है।

इशर निहाल ने सितार वादन विधा में प्राप्त किया प्रथम स्थान

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के कमल विहार स्थित के.पी.एस. स्कूल में 7 जनवरी 2023 को आयोजित नेशनल कम्पीटीशन कौशल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कम्पिटीशन में इशर निहाल को सितार वादन विधा में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। नारायण दत्त केहरी द्वारा उन्हें प्रथम पुरस्कार दिया गया। इशर निहाल के प्रेरणा श्रोत गुरु एम.आर. सावंत, अनीत रॉय हैं। इसके पहले निहाल ने 2019 में क्लासिकल वाइस ऑफ इंडिया, लखनऊ में बेंजो वादन में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया। इशर ने अपने स्कूल की पढ़ाई जे. नारायण पाण्डेय स्कूल से की और दुर्गा कॉलेज बीए प्रथम वर्ष तथा कमलादेवी संगीत महाविद्यालय में डिप्लोमा माध्यमा अंतिम (सितार) के छात्र हैं।

मां शाकम्भरी जयंती पर पटेल समाज ने बांटी निशुल्क हरी सब्जी

दुर्ग (आरएनएस)। दुर्ग राज कोसरिया पटेल मरार समाज के द्वारा चंडी चौक मठपारा दुर्ग में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शाकंभरी जयंती के अवसर पर समाज के द्वारा हरी सब्जी का नि:शुल्क वितरण किया गया। इसके पूर्व अतिथियों ने मां शाकम्भरी का पूजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महापौर धीरज बाकलीवाल व विशेष अतिथि राजेश यादव सभापति नगर निगम दुर्ग व दीपक साहू एमआईसी सदस्य उपस्थित हुए। उक्त अवसर पर अपने उद्बोधन में महापौर बाकलीवाल ने कहा की मरार समाज मेहनतकश समाज है वह हमारे लिए हरी सब्जी का उत्पादन कर हमारे लिए एक तरह से भोजन की व्यवस्था कर हमें स्वस्थ रखती है। इसी तरह सभापति राजेश यादव ने कहा की मरार समाज संगठित समाज होने के साथ ही साथ शक्तिशाली भी है। इस अवसर पर पार्षद दीपक साहू, बृजलाल पटेल व पूर्व पार्षद विजयंत पटेल ने भी अपना उद्बोधन दिए। कार्यक्रम में पटेल समाज के बजरंग पटेल, भरत पटेल, पंच पटेल, गजानंद पटेल, तीरथ पटेल, भानु पटेल, रामेश्वर पटेल ,लक्ष्मी नारायण पटेल, बिहारी पटेल, राजेश पटेल, अमित पटेल, गोलू पटेल, सुखपाल पटेल, सूर्या पटेल ,राजेश पटेल व समाज के अन्य गणमान्य नागरिक अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अन्तर्गत वितरित किए जाने वाले अनाजों में मिलेट को किया जाए शामिल

- मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखा पत्र
- मिलेट फसलों के उत्पादन एवं उपभोग को बढ़ावा देने इसे जन आंदोलन बनाने के लिए पहल करने का किया आग्रह
- मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, पोषण आहार तथा आश्रम-छात्रावासों के छात्रों को दिये जा रहे रियायती अनाज में 20 से 25 प्रतिशत मात्रा मिलेट फसलों की हो
- राज्य सरकारों को मिलेट फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर संग्रहण करने की अनुमति दे केन्द्र सरकार
- अनाज वितरण और पोषण आहार कार्यक्रम के लिए केन्द्र सरकार रियायती दर पर राज्यों को उपलब्ध कराए मिलेट

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर उनसे मिलेट फसलों के उत्पादन एवं उपभोग को बढ़ावा देने तथा इसे जन आंदोलन बनाने के लिए पहल करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने पत्र में 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम' अन्तर्गत वितरित किये जाने वाले अनाजों, मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, महिला बाल विकास विभाग द्वारा दिये जा रहे पोषण आहार तथा आश्रम-छात्रावासों के छात्रों को दिये जा रहे रियायती अनाज में 20 से 25 प्रतिशत मात्रा मिलेट फसलों की शामिल करने, केन्द्र सरकार द्वारा राज्य

सरकारों को मिलेट फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर संग्रहण करने के संबंध में निर्णय लेने और राज्य सरकारों को रियायती दर पर अनाज वितरण तथा पोषण आहार से संबंधित योजनाओं में उपयोग हेतु रियायती दर पर मिलेट प्रदाय करने का निर्णय लेने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा भारत सरकार की पहल पर वर्ष 2023 को 'अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष' घोषित किया गया है। एनीमिया एवं कुपोषण के नियन्त्रण में मिलेट फसलों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। दुर्भाग्य से विगत वर्षों में विपणन व्यवस्था के अभाव के कारण देश में मिलेट फसलों के उत्पादन में कमी आयी है। मुख्यमंत्री बघेल ने छत्तीसगढ़ में मिलेट फसलों को बढ़ावा देने के उपायों की जानकारी देते हुए पत्र में लिखा है कि छत्तीसगढ़ राज्य में मिलेट फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु 'मिलेट मिशन' की स्थापना के साथ ही राज्य में पैदा होने वाले कोदो, कुटकी एवं रागी का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित कर इनके संग्रहण एवं विपणन की पुख्ता व्यवस्था की गयी है। राज्य में इन मिलेट उत्पादकों को 9,000 रूपए प्रति एकड़ 'इनपुट सब्सिडी' भी दी जा रही है। देश के किसी भी राज्य में मिलेट फसलों के उत्पादकों को इतनी अधिक सहायता नहीं दी जा रही। इन कारणों से विगत 02 वर्षों में राज्य में मिलेट फसलों के रकबे एवं उत्पादन में दो गुना से अधिक वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि मिलेट फसलों के उत्पादन एवं उपभोग को बढ़ावा देने तथा इसे 'जन आन्दोलन' बनाये जाने हेतु यह निर्णय लिया जाना उचित होगा कि 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम' अन्तर्गत वितरित किये जाने वाले अनाजों, मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, महिला बाल विकास विभाग द्वारा दिये जा रहे पोषण आहार तथा आश्रम-छात्रावासों के छात्रों को दिये जा रहे रियायती अनाज में 20 से 25 प्रतिशत मात्रा मिलेट फसलों की हो। केन्द्र सरकार द्वारा यदि राज्य सरकारों को मिलेट फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर संग्रहण करने एवं उक्त योजनाओं में उपयोग हेतु रियायती दर पर प्रदाय करने का निर्णय लिया जाये तो इससे मिलेट फसलों के उत्पादन एवं उपभोग में अभूतपूर्व वृद्धि हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से संबंधित विभागों को उपरोक्तानुसार निर्णय शीघ्र करने के निर्देश प्रसारित करने का आग्रह किया है।

श्रीराम के ननिहाल में आना मेरा सौभाग्य : गृहमंत्री अमित शाह शाह

कोरबा (आरएनएस)। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कोरबा पहुंचने पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया है। वे झारखंड के चाईबासा से सीधे कोरबा पहुंचे। पहले उन्हें राजधानी रायपुर होते हुए कोरबा पहुंचना था। लेकिन ऐन मौके पर उनके दौरे में बदलाव किया गया। कोरबा पहुंचने के बाद अमित शाह का बीजेपी नेताओं ने जोरदार स्वागत करते हुए हल भेंट किया गया।

जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ आना उनका सौभाग्य है। यहां की जनता ने बीजेपी को 15 साल शासन करने का मौका दिया, उसके लिए धन्यवाद। उन्होंने कहा कि पहले सभी छत्तीसगढ़ को बीमा राज्य कहते थे, लेकिन बीजेपी ने इसे बीमा से विकसित राज्य बनाने की ओर अग्रसर किया। अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ये केवल झूठ बोलते हैं। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार करने के अलावा कुछ नहीं किया। गृहमंत्री अमित शाह ने आगे कहा कि हमने 15 सालों में प्रदेश से नक्सलवाद को खत्म किया। कांग्रेस ने आदिवासियों के लिए क्या किया? कांग्रेस सरकार ने जनजातियों के लिए क्या किया?, उन्होंने कहा कि बीजेपी ने आदिवासी बेटी द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के संबोधन की खास बातें:-2024 तक छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त कर देंगे, कांग्रेस ने कहा था गरीबी हटाएंगे, नहीं हटी, कांग्रेस सरकार में गरीबी नहीं हटी, गरीब ही हट गई, जनता छत्तीसगढ़ सरकार के कामकाज का हिसाब. किताब चुनाव में करेगी,ये जनता का पैसा हैए कांग्रेस ऐसे नहीं लूट सकती है,बीजेपी ने जनजाति के लिए 4 गुना बजट बढ़ाया, नरेंद्र मोदी को अगर 2024 में प्रधानमंत्री बनाना है, तो छत्तीसगढ़ में 2023 में बीजेपी की सरकार बनाएं,अटल जी के सपनों का छत्तीसगढ़ बनाने में पीएम नरेंद्र मोदी की मदद करें, भ्रष्टाचार से निजात पानी हैए तो बीजेपी की सरकार बनवाएं, 9,234 करोड़ रुपए केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को दिए, भूपेश बघेल से पूछना चाहता हूं कि ये पैसे कहां गए,रमन सिंह के रुके हुए काम को शुरू करवाना है, तो 2023 में बीजेपी को जिताएं पीएम मोदी ने देश में गरीब परिवारों को शौचालय दिया।

्सीएम भूपेश ने की मुलाकात:-जनसभा के बाद अमित शाह सर्वमंगला मंदिर दर्शन के लिए गए। वहां से दर्शन करने के बाद शाह ने बीजेपी नेताओं की बैठक ली। इसके बाद वह हेलिकॉप्टर से रायपुर रवाना हुए। वहां से वे दिल्ली रवाना हो गए। रायपुर पहुंचने पर राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी उनसे एयरपोर्ट में ही मुलाकात की। बघेल ने केंद्रीय गृह मंत्री से छत्तीसगढ़ के विकास कार्यों के संबंध में चर्चा की और छत्तीसगढ़ में मिलेट्स से बने उत्पाद और छत्तीसगढ़ की संस्कृति पर आधारित कलाकृति उन्हें स्मृति स्वरूप भेंट की है।

कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाए पूर्व सीएम रमन:-उधर, शाह के संबोधन के दौरान मंच पर पूर्व सीएम रमन नजर नहीं आए। रमन सिंह शाह के कार्यक्रम के बाद कोरबा पहुंचे। कहा जा रहा है कि रमन सिंह रायपुर में ही उनका इंतजार कर रहे थे। दोनों को रायपुर से साथ में ही आना था। मगर शाह झारखंड से सीधे कोरबा पहुंच गए थे। यही वजह रही कि बाद में रमन सिंह कोरबा पहुंचे और बीजेपी की बैठक में शामिल हुए।

गिल्ली- डंडा 18 वर्ष से कम वर्ग में दुर्ग संभाग ने मारी बाजी

दुर्ग (आरएनएस)। छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक 2022-23 में गिल्ली-डण्डा प्रतियोगिता का आगाज हुआ। गिल्ली डंडा प्रतियोगिता में आज 18 वर्ष से कम आयु वर्ग (बालक) में दुर्ग संभाग ने बाजी मारी। प्रतियोगिता में दुर्ग रायपुर बिलासपुर सरगुजा और बस्तर संभाग के प्रतिभागियों ने अपना दमखम दिखाया । आज हुए गिल्ली डंडा प्रतियोगिता में पहला मैच रायपुर और बस्तर संभाग के मध्य हुआ जिसमें रायपुर ने बस्तर संभाग को 11-9 से पराजित किया ,दूसरे मैच में दुर्ग ने 12-8 से बिलासपुर को मात दी । इसी तरह सेमीफाइनल मुकाबले में दुर्ग संभाग ने सरगुजा संभाग को 8-1 के विशाल अंतर से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। इसी तरह दूसरे सेमीफाइनल का मुकाबला रायपुर ने जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच के रोमांचक मुकाबले में दुर्ग संभाग ने रायपुर संभाग को 10-09 के अंतर से हरा कर खिताब अपने नाम किया। गिल्ली-डंडा प्रतियोगिता के अन्य आयु वर्ग के मैच के मुकाबलों में कल सोमवार को बालिका वर्ग 0-18 आयु वर्ग ,18-40 आयु वर्ग पुरुष और महिला का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पारंपरिक छत्तीसगढिय़ा खेलों को बढ़ावा देने और उसके संवर्धन के लिए 6 अक्टूबर से गांव गांव और ब्लॉक स्तर पर छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक खेलों का आयोजन किया गया।

पीड़ित महिलाओं का सहारा बन रहे सखी वन स्टॉप सेंटर

रायपुर (आरएनएस)। महिलाओं को संरक्षण प्रदान करने के लिए अनेक वैधानिक प्रावधान उपलब्ध है, लेकिन इसके बाद भी समाज में महिलाओं को कई प्रकार की हिंसा का सामना करना पड़ता है। इसे देखते हुए सभी आयु वर्ग की महिलाओं को एक छत के नीचे सभी प्रकार की सहायता एक साथ उपलब्ध कराने के लिए सखी वन स्टॉप सेन्टर का संचालन शुरू किया गया है। ये सेंटर पीड़ित महिलाओं के लिए बड़ा सहारा बन रहे हैं। पिछले 4 वर्षों में 23 हजार से अधिक महिलाओं को यहां सहायता पहुंचाई गई है। वर्ष 2018-19 में 7371,2019-20 में 5342,2020-21 में प्रकरण 5324 और वर्ष 2021-22 में 5697 पंजीकृत किये गए। सेंटर में पीड़ित महिलाओं को आवश्यक आश्रय, सुविधा एवं संरक्षण मिलने के साथ उचित सलाह, विधिक सहायता और मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के पुराने सभी 27 जिलों में सखी सेंटर संचालित है जहां कई महिलाओं के जीवन में ये सेंटर उम्मीद नई रोशनी लेकर आए हैं।

जिला सूरजपुर के सखी वन स्टॉप सेंटर को ग्राम-करवा में भटकती एक 80 वर्ष की वृद्ध महिला की जानकारी मिली। सखी के द्वारा पुलिस की सहायता से वृद्धा को रेस्क्यू कर सखी सेंटर में लाया गया। बातचीत में वृद्धा ने समस्तीपुर जिला, बिहार में रहने की जानकारी दी। सखी के द्वारा व्हॉटसअप व सोशल मीडिया के माध्यम से परिवारजनों का पता लगाकर उनको सूचना दी गई। जिससे 6 अप्रैल 2022 को पीड़ित वृद्ध महिला का पोता वृद्ध महिला को लेने सखी में आया। इसी तरह 06 फरवरी 2021 को बस स्टैण्ड सूरजपुर में 98 वर्ष की बुजुर्ग महिला के भटकती पाये जाने की जानकारी सखी सेंटर को मिली। संपर्क करने पर 8 फरवरी 2021 को परिवार जन सखी में लेने आये। इस तरह परिवार से बिछुड़ गई बुजुर्ग महिलाओं की सकुशल परिवारजनों के पास वापसी से उनका जीवन फिर से खुशहाल हो सका।

सड़क दुर्घटनाओं पर ब्रेक नहीं, हफ्तेभर के भीतर 8 लोगों की मौत

कोरबा (आरएनएस)। जिले की सडक़ पर दुर्घटनाओ में रोकथाम नहीं लग पा रहा है। साल की शुरुआत में सप्ताहभर के भीतर ही अलग-अलग सडक़ हादसों में 8 लोगों की मौत हो चुकी है। साल के पहले दिन ही 4 लोगों की मौत हुई थी। गुरुवार को कटघोरा-बिलासपुर हाईवे पर अलग-अलग सडक़ हादसे में जहां 2 लोगों की मौत हुई, वहीं शुक्रवार को भी 2 की जान गई।

शुक्रवार को हुए दुर्घटना में पहली घटना कटघोरा-अंबिकापुर नेशनल हाईवे पर हुई, जहां कटघोरा के नवागांव निवासी कॉलेज छात्र वीरेंद्र कुमार अपने बड़े भाई कृष्णा मिंज के

साथ बाइक में किसी काम से गुरसिया गया था, जहां से लौटते समय कृष्णा बाइक चला रहा था। बरपाली के कोसाबाड़ी के पास कटघोरा की ओर से आ रहे तेजरफ्तार कार सीजी.12.एई.5297 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को ठोकर मार दी। जिससे वे दोनों बाइक से गिर गए। इससे कृष्णा के सिर पर गंभीर चोट आई। उसे बिलासपुर सिम्स रेफर किया गया, जहां ले जाते समय कटघोरा के पास उसने दम तोड़ दिया।

दूसरी घटना तरदा-सर्वमंगला टू.लेन पर सोनपुरी के डंपिंग पोखरी के पास हुई, जहां कनबेरी निवासी देवेंद्र कुमार सोनी 25 जो सुबह छेरछेरा मांगने निकला था। उसे शाम को तेजरफ्तार वाहन ने ठोकर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। डीएसपी ट्रैफिक शिवचरण सिंह परिहार के मुताबिक सडक़ दुर्घटना पर रोकथाम का प्रयास जारी है। हाल में हुए ज्यादातर दुर्घटना की प्रमुख वजह वाहन चालकों का तेजरफ्तार वाहन चलाना है। तेजरफ्तार चलने वाले वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी।

स्कार्पियो और ट्रैक्टर में भिड़त, दो की मौत, 12 घायल

दुर्ग (आरएनएस)। दुर्ग जिले के सेलूद और धौराभाठा के बीच हुए एक्सीडेंट में दो लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार भिलाई सुपेला से स्कार्पियो में 16 लोग सवार होकर बटरेल में आयोजित मेला मड़ई में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान स्कार्पियो और ट्रेक्टर की टक्कर हो गई जिसके कारण मौके पर ही स्कार्पियो ड्रायवर और उसमें सवार एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। जबकि 12 लोग घायल हो गए है। इसमें से दो लोगों की हालत गंभीर है। 10 घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि गंभीर रुप से घायल लोगों का इलाज स्पर्श हास्पिटल भिलाई में किया जा रहा है। घटना की खबर मिलते ही वरिष्ठ विधायक अरुण वोरा मौके पर पहुंचे और घायल लोगों का बेहतर ढंग से इलाज करने के निर्देश दिए। घायल बुजुर्ग महिला दुर्ग की कांग्रेस पार्षद प्रेमलता पोषण साहू की बड़ी मां है।

घटना के सम्बंध में पुलिस ने बताया कि रविवार को करीबन दोपहर 3.00 बजे एक चार पहिया वाहन स्कार्पियो में 15 सवारी बैठकर सुपेला भीमनगर भिलाई से अपने रिष्तेदार के यहॉ ग्राम बटरेल जामगांव आर जा रहे थे। धौराभाठा मोड़ से पहले एक ट्रैक्टर जो गाड़ाडीह से सेलूद की ओर आ रही थी उसी समय स्कार्पिया वाहन क्रमांक सीजी 07 बीएन 3604 सीधा ट्रैक्टर से जा टकराया। इस दुर्घटना से एक पुरूष चुरामन राहुलकर उम्र करीबन 55 साल एवं एक महिला सुमित्रा पति बद्रीनाथ उम्र करीबन 60 साल की मौत हो गई एवं 13 लोग घायल है। जिसे दुर्ग जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

मृतक का नाम: चुरामन राहुलकर पिता जुगल किषोर उम्र करीबन 55 साल एवं सुमित्रा पति बद्रीनाथ उम्र करीबन 60 साल

घायलो में- भगवती साहू पति हेमराज साहू उम्र 45 साल, हेमिन साहू पति मनोज साहू उम्र 32 साल, कु. तृषिका साहू पिता संतोष साहू उम्र 9 साल, बद्रीप्रसाद पिता स्व. फुदुक राम उम्र 60 साल, कु. श्रद्धा राहुलकर पिता मुकेष राहुलकर उम्र 09 साल, चमन साहू पिता स्व. संतोष साहू उम्र 13 साल, कु. लोकेष्वरी साहू पिता स्व. मनोज साहू उम्र 13 साल, खिलेन्द्र साहू पिता परमेष्वर साहू उम्र 10 साल, कु. निषा साहू पिता स्व. मनोज साहू उम्र 07 साल, योगिता साहू पति स्व. संतोष साहू उम्र 36 साल, मनोज साहू पिता बरातू साहू उम्र 33 साल, आफताब पिता सामुद उम्र 26 साल (स्कार्पिया वाहन चालक) सहित अन्य शामिल हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

निगम पार्षद सहित 4 पंच एवं एक सरपंच के लिए मतदान आज, तैयारी पूर्ण

- सार्वजनिक प्रचार प्रसार पर लगा विराम प्रेक्षक कार्तिकेया गोयल ने लिया तैयारियों का जायजा

बिलासपुर (आरएनएस)। नगरीय निकाय एवं पंचायतों में उप चुनाव के लिए चल रहे सार्वजनिक प्रचार प्रसार पर आज विराम लग गया है। 9 जनवरी को नगरपालिक निगम बिलासपुर के वार्ड क्रमांक 16 में पार्षद सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पंच सरपंच के कुल 5 पदों पर चुनाव होगा। इनमें पंच के 4 और सरपंच के केवल एक पद शामिल हैं। कोटा विकासखंड के कल्मीटार में सरपंच, लमकेना और सेमरिया में 1-1 पंच पद के लिए तथा तखतपुर के पौड़ीकला और निरतु में एक - एक पंच पद के लिए 9 जनवरी को चुनाव होगा। पार्षद पद के लिए मतदान सवेरे 8 बजे से लेकरशाम 5 बजे तक होगा। पंचायतों में मतदान सवेरे 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। पंच सरपंच के लिए मतदान के तुरंत बाद केंद्र पर ही मतों की गणना शुरू की जायेगी। पार्षद पद के मतों की गणना 12 जनवरी को की जायेगी। ब्रजेश मेमोरियल कन्या उमावि हिंदी मीडियम स्कूल में स्ट्रॉन्ग रूम एवं मतगणना का कार्य संपन्न होगा।

चुनाव और मतगणना की पूरी तैयारी जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा पूर्ण कर ली गई है।

प्रेक्षक ने लिया तैयारियों का जायजा- छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा बिलासपुर जिले में उप चुनाव के लिए नियुक्त प्रेक्षक कार्तिकेया गोयल ने आज दौरा कर चुनावी तैयारियों का जायज़ा लिया। उन्होंने मतदान केंद्र, स्ट्रॉन्ग रूम और मतगणना स्थल का अवलोकन किया। मतदान की प्रक्रिया मतपत्र से होगी। ब्रजेश स्कूल से कल 8 जनवरी को सवेरे 10 बजे मतदान सामग्री वितरित की जायेगी। चुनाव के लिए 8 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें प्राथमिक शाला कुदुदंड में 4, हायर सेकेंडरी स्कूल कुदुदंड में 2 और केन मेमोरियल इंग्लिश मीडियम स्कूल में 2 मतदान केंद्र शामिल हैं। गोयल ने प्रशासनिक तैयारियों पर संतुष्टि जाहिर की। इस अवसर पर एडीएम आर ए कुरुवंशी, एडीएम कांत वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ललिता भगत सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।